तापमान

अधिकतम 42 डिग्री

न्यूनतम 28 डिग्री

हरिभूमि

# धमतरी भूमि

रायपुर, रविवार 7 जून 2026

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड



11 ट्रेंचिंग ग्राउंड की सुलगती आग से बढ़ी परेशानी...





12 20 एकड़ क्षेत्र में फैला 100 वर्ष पुराना मकई तालाब सूखा









## खबर संक्षेप

### भखारा भाजपा मंडल की संगठनात्मक बैठक आज

**कुरुद।** भारतीय जनता पार्टी मंडल भखारा द्वारा 7 जून को शाम 4 बजे ग्राम सिलौटी स्थित अटल समरसता भवन में संगठनात्मक कार्यशाला एवं बैठक का आयोजन किया गया है। बैठक में संगठनात्मक विषयों, आगामी कार्यक्रमों तथा मंडल की गतिविधियों पर चर्चा होगी। मंडल प्रभारी आनंद यदु ने उपस्थिति की अपील की है। बैठक उपरांत पौधे रोपे जायेंगे।

### बच्चों के स्वास्थ्य पर क्षेत्रीय पत्रकार कार्यशाला आज

**धमतरी।** मीडिया कलेक्टिव फॉर चाइल्ड राइट्स (एमसीसीआर) ट्रस्ट एवं यूनिसेफ छत्तीसगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में 7 जून को धमतरी में क्षेत्रीय पत्रकार कार्यशाला आयोजित की जाएगी। कार्यशाला का विषय बच्चों में गैर-संचारी रोग (एनसीडी) एवं मातृ-शिशु स्वास्थ्य रखा गया है। कार्यक्रम एक होटल में प्रातः 10 बजे से शुरू होगा। कार्यशाला का उद्देश्य मीडिया प्रतिनिधियों को बच्चों और मातृ स्वास्थ्य से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों, चुनौतियों, जागरूकता एवं समाधान विषयों पर विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराना है। स्वास्थ्य संबंधी विषयों पर प्रभावी और संवेदनशील रिपोर्टिंग को बढ़ावा देना भी कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य रहेगा।

### देवपुर में निषाद समाज की बैठक 14 को

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ निषाद समाज 22 पाली डोंगेश्वर परिक्षेत्र देवपुर की तिमाही बैठक 14 जून को श्रीराम जानकी मंदिर प्रांगण सामाजिक निषाद भवन देवपुर में सुबह 11 बजे रखी है। बैठक में सामाजिक एवं अन्य विषयों पर परिचर्चा होगी। यह जानकारी पाली अध्यक्ष प्रकाश निषाद, उपाध्यक्ष लखन निषाद, महासचिव परदेशी निषाद, मीडिया प्रभारी पवन निषाद ने दी है।

### 14 जून को रत्नाबांधा में गूंजेगी कबीर वाणी

**धमतरी।** संत शिरोमणि कबीर साहेब की 629वीं जयंती के उपलक्ष्य में 14 जून को सुबह 10.30 से 1.30 बजे तक कबीर नगर रत्नाबांधा धमतरी में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण से होगा। इसके पश्चात कबीर साहेब की मूल वाणी बीजक पाठ एवं कबीर भजनों की प्रस्तुति होगी। तत्पश्चात संत-महात्माओं एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन किया जाएगा तथा कबीर वाणी पर विचार गोष्ठी होगी। कार्यक्रम के दौरान भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन भी होगा। संत रविकर साहेब अध्यक्ष छत्तीसगढ़ संत संगठन ने नागरिकों से कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है।



### ओवरलोड वाहनों से बढ़ा जानमाल का खतरा

**धमतरी।** शहर की सड़कों पर ओवरलोड वाहन धड़ल्ले से दौड़ रहे हैं, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ गई है। शहर के प्रमुख मार्गों सहित अंदरूनी सड़कों पर भी क्षमता से अधिक सामान लेकर वाहन चलाए जा रहे हैं। लोगों का कहना है कि ऐसे वाहनों पर यातायात पुलिस की निगरानी नजर नहीं आ रही है।

नेताओं की भूमिका पर उठ रहे सवाल

# इंजीनियरिंग और मेडिकल कॉलेज के लिए तरस रहा धमतरी जिला

हरिभूमि सरोकार

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले में वर्षों से इंजीनियरिंग और मेडिकल कॉलेज की मांग लगातार उठती रही है, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं होने से लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। जिले के जनप्रतिनिधियों और प्रशासन की उदासीनता के चलते धमतरी आज भी बड़े शैक्षणिक प्रोजेक्ट से वंचित है। स्थानीय विद्यार्थियों को उच्च तकनीकी और चिकित्सा शिक्षा के लिए दूसरे शहरों का रुख करना पड़ रहा है।

ग्राम रूद्री में लगभग 58 वर्ष पहले पॉलीटेक्निक कॉलेज की स्थापना हुई थी। इसके बाद से ही क्षेत्र में इंजीनियरिंग कॉलेज खोलने की मांग उठती रही, लेकिन आज तक यह सपना पूरा नहीं हो सका। जिले में संसाधनों और पर्याप्त भूमि की उपलब्धता होने के बावजूद यहां इंजीनियरिंग कॉलेज स्थापित नहीं किया जा सका। लोगों का कहना है कि जिले के नेता और जनप्रतिनिधि राज्य स्तर पर प्रभावी ढंग से अपनी बात नहीं रख पाए, जिसके कारण कई महत्वपूर्ण योजनाएं ठंडे बस्ते में चली गईं।



#### मांग और ज्ञापन तक सीमित रही पहल

कुछ समय पहले तकनीकी शिक्षा मंत्री गुरु खुशवंत साहेब सिंह के धमतरी आगमन पर पॉलीटेक्निक कॉलेज को इंजीनियरिंग कॉलेज में उन्नयन करने की मांग रखी गई थी। कॉलेज परिसर में उपलब्ध संसाधनों और सुविधाओं की जानकारी भी दी गई, लेकिन इसके बावजूद कोई घोषणा नहीं हो सकी। जिले के लोग अब मानने लगे हैं कि यहां के नेता केवल मांग और ज्ञापन तक सीमित हैं। बड़े प्रोजेक्ट लाने में अब तक कोई ठोस सफलता नहीं मिलने से युवाओं और अभिभावकों में निराशा का माहौल है। जिलेवासियों का कहना है कि यदि जल्द पहल नहीं हुई तो धमतरी शिक्षा और औद्योगिक विकास की दौड़ में और पीछे छूट सकता है।

#### मेडिकल कॉलेज भी बना बड़ा मुद्दा

जिले में मेडिकल कॉलेज की मांग भी लंबे समय से की जा रही है। हाल ही में सुशासन तिहार कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के धमतरी आगमन पर विधायक ओंकार साहू ने मेडिकल और इंजीनियरिंग कॉलेज की मांग दोहराई थी। इसके बावजूद किसी प्रकार की घोषणा नहीं हुई। लोगों का कहना है कि पड़ोसी जिलों कांकेर और महासमुंद में मेडिकल कॉलेज सहित अन्य बड़े प्रोजेक्ट शुरू हो चुके हैं, जबकि धमतरी अब भी इंतजार कर रहा है। इससे जिले के विकास को लेकर जनता में निराशा बढ़ रही है।

#### पीईटी परीक्षा में घट रही विद्यार्थियों की रुचि

तकनीकी शिक्षा के प्रति युवाओं की घटती रुचि भी अब चिंता का विषय बन गई है। जिला समन्वयक केंद्र से मिले आंकड़ों के अनुसार प्री-इंजीनियरिंग टेस्ट (पीईटी) में शामिल होने वाले विद्यार्थियों की संख्या लगातार कम हो रही है। वर्ष 2022 में जहां 860 विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया था, वहीं वर्ष 2026 में यह संख्या घटकर 396 रह गई। परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों की संख्या भी तेजी से गिरी है। वर्ष 2025 में 384 और वर्ष 2026 में केवल 315 विद्यार्थी ही परीक्षा में शामिल हुए। विशेषज्ञों का मानना है कि जिले में समय रहते इंजीनियरिंग कॉलेज की स्थापना नहीं होने से विद्यार्थियों का रुझान तकनीकी शिक्षा से कम होता गया।

# चना खरीदी खत्म, पेमेंट अटका

■ खाता में आधार अपडेट को लेकर आ रही समस्या

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

एक सप्ताह पहले ही चने की खरीदी समाप्त हो चुकी है, लेकिन अब तक बड़ी संख्या में किसानों के खाते में पेमेंट नहीं आया है। बड़ी संख्या में किसानों के खाते में आधार अपडेट की समस्या आ रही है। आधार अपडेट करवाने के बाद भी किसानों के खाते में राशि नहीं आ रही है।

रबी सीजन की तैयारी शुरू हो गई है। ऐसे में किसानों को अब तैयारी के लिए रूपयों की जरूरत पड़ रही है। उधर चना बेचने के बाद भी बड़ी संख्या में किसानों के खाते में पेमेंट नहीं आया है। ऐसे में उन्हें आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। यही नहीं खेती की तैयारी में भी उन्हें दिक्कतें आ रही हैं। खेतों की सफाई, मजदूरी, जुताई, खाद, बीज के लिए उन्हें भटकना पड़ रहा है। कई किसानों ने जिला सहकारी बैंक सहित अन्य बैंकों से कर्ज ले रखा है। चना बेचने के बाद भी भुगतान नहीं मिलने वे कर्ज भी नहीं पटा पा रहे हैं। कर्ज चुकता नहीं होने की स्थिति में उन्हें खाद, बीज भी नहीं मिल रहा है। तैयारी अधर पर लटकी हुई है।

#### केस 1

ओम शर्मा ने 10 अप्रैल को चना बेचा था। उसके बैंक अकाउंट में आधार अपडेट नहीं होने का मैसेज आया। उसने बैंक अकाउंट में आधार अपडेट और ई -केवाईसी करवाया। उसके बाद भी अकाउंट में आधार अपडेट नहीं होने का मैसेज आया है। बैंक से संपर्क करने बोला जा रहा है।

#### केस 2

देमार की रामकुंवर साहू खपरी में रहती है। उसने 29 अप्रैल को चना बेचा था। उसके मोबाइल में अब तक कोई मैसेज नहीं आया है और न ही चना का पेमेंट आया है। महिला होने के कारण बार-बार खरीदी केंद्र का चक्कर लगाना उसके लिए बड़ी समस्या है।



#### और कोई स्त्रोत नहीं

इस साल बड़ी संख्या में किसानों ने धान की जगह चने की फसल लगाई थी। उनकी उम्मीद चने पर ही टिकी हुई थी। अब राशि मिलने में विलंब होने से उन्हें गंभीर आर्थिक समस्या का सामना करना पड़ रहा है। शादी, ब्याह सहित बच्चों का स्कूल, कॉलेज में एडमिशन के लिए भी उन्हें समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

### मुख्य मार्ग की 45 खराब स्ट्रीट लाइट बदली गई

■ 21 पोल क्षतिग्रस्त और टेढ़े मिले

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर के मुख्य मार्ग पर डिवाइडर पोल में खराब पड़ी स्ट्रीट लाइट को नगर निगम ने बदलना शुरू कर दिया है। श्यामतराई से अर्जुनी मोड़ तक लगभग 4 किलोमीटर लंबे डिवाइडर में करीब 300 स्ट्रीट लाइट लगी है, जिनमें से 45 लाइट बंद पाई गई थी। साथ ही 21 पोल भी क्षतिग्रस्त और टेढ़े मिले थे। समस्या सामने आने के बाद निगम प्रशासन ने तत्काल संज्ञान लेते हुए सुधार कार्य शुरू कराया।

शुक्रवार को निगम का विद्युत अमला रायपुर रोड सहित अन्य क्षेत्रों में खराब लाइट को बदलने और मरम्मत करने में जुटा रहा। डिप्टी कमिश्नर पीसी सार्वा ने बताया कि पूरी तरह खराब लाइट को नई लाइट से बदला जा रहा है, जबकि मरम्मत योग्य लाइटों को सुधारकर पुनः लगाया जाएगा। निगम की इस कार्रवाई से मुख्य मार्गों पर रोशनी बढ़ने के साथ सड़क सुरक्षा भी बेहतर होगी।

# नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार



■ रूद्री पुलिस की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नाबालिग को प्रेमजाल में फंसाकर शारीरिक शोषण करने वाले आरोपी को रूद्री पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

पुलिस द्वारा महिला एवं बाल अपराधों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत रूद्री पुलिस ने नाबालिग बालिका से लैंगिग अपराध के प्रकरण में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई की है। शिकायत पर रूद्री थाना में धारा 62-2-एम बीएनएस एवं पाक्सो एक्ट की धारा 4 एवं 6 के तहत तत्काल अपराध दर्ज किया गया। विवेचना के दौरान पीड़िता का बयान, चिकित्सकीय परीक्षण सहित अन्य आवश्यक कार्रवाई की गई। प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने आरोपी हरिशंकर सेन पिता सेवकराम उम्र 19 वर्ष निवासी रूद्री थाना क्षेत्र को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

# आंगनबाड़ी की छत में मृत मिला युवक

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

आंगनबाड़ी की छत में एक युवक दो दिनों से मृत हालत में पड़ा था। जानकारी होने पर अर्जुनी पुलिस को घटना की सूचना दी गई।



अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम शंकरदाह में शुक्रवार की रात्रि लोगों ने स्कूल के पास स्थित आंगनबाड़ी भवन की छत पर एक युवक को देखा। युवक की मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना अर्जुनी पुलिस को दी गई। पुलिस की पेट्रोलिंग टीम मौके पर पहुंची। युवक की पहचान सोनू यादव पिता परऊराम उम्र 24 वर्ष के रूप में की गई। युवक की मौत दो दिन पहले ही हो चुकी थी। उसके शव से दुर्गंध आ रहा था। पुलिस ने पंचनामा की कार्रवाई कर शव को वरदान संस्था की एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेज दिया। शनिवार को शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया। आशंका जताई गई है कि शराब के नशे में आंगनबाड़ी की छत पर जाकर सो रहे युवक की गला सूखने से मौत हो गई है।

#### हमाली का काम करता था युवक

बताया गया कि मृतक सोनू यादव हमाली का काम करता था। वह काम की तलाश में रोजाना सुबह अर्जुनी चौकी पहुंच जाता था। जहां छड़ सीमेंट से भरे ट्रक के साथ अन्य हमालों के साथ जाकर खाली करने का काम करता था। युवक शराब पीने का आदी था। उसका घर आना-जाना कम होता था। कहीं भी खाकर सो जाता था। दो दिन पहले युवक देर रात्रि नशे की हालत में आंगनबाड़ी की छत में जाकर सो गया होगा। जहां गला सूखने पर पानी के लिए नीचे नहीं उतर पाया और उसकी मौत हो गई। घटना की रात्रि लोगों ने युवक की आवाज भी सुनी थी, लेकिन समझ नहीं पाए।

### रामबाग सब्जी बाजार के जीर्णोद्धार की मांग

**धमतरी।** शहर के रामबाग सब्जी बाजार में सुविधाओं के अभाव और जर्जर शेड के कारण अब सब्जी विक्रेता सड़क किनारे दुकान लगाने को मजबूर हैं। इससे आवागमन बाधित होने के साथ दुर्घटना की आशंका भी बढ़ गई है। स्थानीय लोगों और व्यापारियों ने बाजार शेड के जीर्णोद्धार एवं सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग उठाई है। विक्रेताओं ने बताया कि करीब 50 वर्ष पुराने इस बाजार में निगम द्वारा शेड और चबूतरायुक्त दुकानों की व्यवस्था की गई थी, जहां 60 से 80 विक्रेता बैठ सकते हैं। मरम्मत व देखरेख नहीं होने से शेड की छत से बारिश में पानी टपकता है।

# सास-बहू को नशीला पदार्थ सुंघाकर सोने के जेवर लेकर हुई रफूचक्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

एक जालसाज महिला ने सास-बहू को पुराने जेवर का फोटो भेज कर शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने का झांसा देकर उन्हें बेहोशी की दवा सुंघाकर बेहोश कर दिया और चार लाख रुपए से ज्यादा कीमत के सोने के जेवर लेकर फरार हो गई। घटना माना थाना क्षेत्र के धरमनगर में दो जून की है। महिलाओं की शिकायत पर पुलिस ठगी का अपराध दर्ज कर जालसाज महिला की पतासाजी कर रही है। धरमनगर निवासी कमला साहू ने पुलिस के पास अज्ञात महिला के खिलाफ ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। कमला ने पुलिस को बताया कि वह स्कूल में मध्यान्ह भोजन बनाने का काम करती है। घटना दिनांक को सुबह 11 बजे वह अपनी बहू गरिमा साहू के साथ घर पर थी। इसी दौरान एक अज्ञात महिला पहुंची और बर्तन लेने की बात करते हुए बातचीत शुरू की। महिला ने खुद को सरकारी योजना से जुड़ा बताते हुए कहा कि पुराने सोने के गहनों की फोटो खींचकर भेजने पर शासन की ओर से चार लाख रुपए की सहायता राशि मिलेगी।

■ दोनों सास-बहू को पुराने जेवर का फोटो भेजने पर शासन का लाभ दिलाने का झांसा दिया था



#### ऐसे सुंघाया नशीला पदार्थ

कमला और उसकी बहू ने अज्ञात महिला के सामने सोने के जेवर फोटो खींचने के लिए बिस्तर पर रखे थे। इसी दौरान गरिमा का छोटा बच्चा रोने लगा। बच्चे के रोने पर गरिमा अपने बच्चे को चुप कराने मुड़ी। इस दौरान कमला का भी ध्यान भटक गया। मौका देख शातिर अज्ञात महिला ने दोनों सास-बहू को नशीला पदार्थ छिड़क कर बेहोश कर दिया। सास-बहू के बेहोश होने पर जालसाज महिला सोने के जेवर लेकर मौके से फरार हो गई। करीब आधा घंटे बाद जब दोनों महिलाओं को होश आया, तो घर में रखे सभी सोने के जेवर गायब मिले। घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से पुलिस जालसाज महिला की पतासाजी कर रही है।

400 से अधिक मकानों का निस्तारी पानी एक जगह हो रहा जमा, शिकायतों के बावजूद समाधान नहीं

# हाउसिंग बोर्ड में गंदे पानी की डबरी, कॉलोनीवासियों को हो रही दिक्कत

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

हाउसिंग बोर्ड की घटिया इंजीनियरिंग का नमूना हटकेशर कॉलोनी में देखा जा सकता है। कॉलोनी के सैकड़ों मकानों से निकलने वाले गंदे पानी ने कॉलोनीवासियों का जीना दूभर कर दिया है। निस्तारी पानी कॉलोनी के एक स्थान पर डंप होने से यहां डबरी बन गई है जो मवेशियों के लिए आरामगाह हो गई है, वहीं कॉलोनीवासियों के लिए मुसीबत। हालत यह है कि कॉलोनी की नालियां छलकने लगी हैं। गंदा पानी रोड पर आ रहा है। शौचालय ओव्हर फ्लो होने लगे हैं।

हटकेशर हाउसिंग बोर्ड निवासी प्रहलाद साहू, संतोष साहू ने बताया कि कॉलोनी में 400 से अधिक मकान हैं जहां से रोजाना हजारों लीटर गंदा पानी निकलता है। पहले निस्तारी पानी कॉलोनी के बाजू निजी जमीन पर डंप होता था। निजी जमीन मालिकों ने कॉलोनी का पानी लेने से इंकार कर दिया है। अब कॉलोनी के एक स्थान पर गंदा पानी डंप हो रहा है जिससे कॉलोनी के एक स्थान पर गंदा पानी ने डबरी का रूप ले लिया है। पानी निकासी नहीं होने से कॉलोनी की नालियों का पानी सड़कों पर बहता है। घरों के शौचालय के ओव्हर फ्लो होने की शिकायत है। गंदे पानी की डबरी मवेशियों के लिए आरामगाह बन गई है। वहीं कॉलोनीवासियों के लिए मुसीबत बनी हुई है। गंदा पानी से मच्छर, मक्खियां पनपने लगी है। हाउसिंग बोर्ड और नगर निगम में कई बार शिकायत हो चुकी है। अधिकारी, कर्मचारी स्थल मुआयना कर चले जाते हैं लेकिन कोई समाधान नहीं निकाल रहे है। स्थानीय प्रशासन तथा हाउसिंग बोर्ड ने लोगों को उनके हाल पर छोड़ दिया है।

हाउसिंग बोर्ड के संपदाधिकारी महेन्द्र नरेटी ने बताया कि मुख्य मार्ग पर नाली निर्माण का काम चलने से पानी निकासी बाधित है। नालियों के पानी को मोटर पंप लगाकर खींचा जा रहा है।



#### बदबू और कीड़े से बीमारी की संभावना

सविता राजपूत, मीना देवांगन ने बताया कि गंदा पानी डंप होने से आपास असहनीय बदबू रहती है। गंदा पानी का कीड़ा घरों में प्रवेश कर रहा है। किचन तथा खाने पीने के सामानों में इसका प्रकोप है। इससे बीमारी फैल सकती है।

## खबर संक्षेप

### सूखत की राशि समितियों से वसूलना अनुचित : नरेंद्र

**पुरी।** प्रदेश में धान खरीदी केंद्रों पर लंबे समय तक धान का उठाव नहीं होने से समितियों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ के प्रदेश



अध्यक्ष नरेंद्र कुमार साहू ने कहा कि धान खरीदी केंद्रों में धान के सूखत (वजन में कमी) की राशि समितियों से वसूलना अनुचित है। उनका कहना है कि समितियों का कार्य केवल किसानों से धान खरीदना है, जबकि परिवहन और समय पर उठाव की जिम्मेदारी जिला विपणन संघ और मार्कफेड की होती है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में खरीदे गए धान का अधिकांश उठाव हो चुका है, लेकिन कुछ केंद्रों में अब भी धान शेष है। लंबे समय तक भंडारण, गर्मी, चूहे, दीमक और अन्य कारणों से धान के वजन में कमी आती है, जिसे घोटाला बताकर समिति प्रबंधकों और कर्मचारियों पर कार्रवाई की जा रही है। महासंघ ने इसे गलत बताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। महासंघ का कहना है कि यदि समय पर धान का उठाव नहीं होता तो सूखत की राशि मार्कफेड के कमीशन से काटी जाए अथवा राज्य सरकार इसकी भरपाई करे। साथ ही लंबित प्रोत्साहन राशि का भुगतान, कर्मचारियों पर की गई कार्रवाई वापस लेने और परिवहन व्यवस्था सुधारने की मांग भी की गई है। मांगों पर सकारात्मक पहल नहीं होने पर महासंघ ने पुनः आंदोलन की चेतावनी दी है।

### पर्यावरण बचाने का संकल्प लें : खिलेन्द्र

**धमतरी।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी धमतरी ग्रामीण के अध्यक्ष खिलेन्द्र ध्रुव ने भाजपा सरकार की पर्यावरण एवं वन नीति पर तीखा



प्रहार करते हुए कहा कि एक ओर सरकार पर्यावरण संरक्षण और हरित विकास के बड़े-बड़े दावे कर रही है, वहीं दूसरी ओर छत्तीसगढ़ के हसदेव अरण्य में लाखों पेड़ों की कटाई का रास्ता साफ किया जा रहा है। श्री ध्रुव ने कहा कि हसदेव अरण्य के केंटे एक्सटेंशन कोल ब्लॉक के लिए लगभग 4 लाख 48 हजार पेड़ों की कटाई की तैयारी की जा रही है। यह केवल पेड़ों की कटाई नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की प्राकृतिक धरोहर, जैव विविधता, जल स्त्रोतों और आदिवासी समुदायों के अस्तित्व पर सीधा हमला है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण और पर्यावरण संरक्षण के नाम पर कार्यक्रम आयोजित करती है, लेकिन जमीनी हकीकत इसके विपरीत है।

### निधन

#### महंगूराम साहू

**अमलीडीह(धमतरी)।** ग्राम देमार निवासी महंगूराम साहू का 4 जून गुरुवार को 96 वर्ष की आयु में



निधन हो गया। वे उमाशंकर साहू के पिता एवं ईशु साहू, रुचिका साहू के दादाजी थे। उनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया जिसमें बड़ी संख्या में सामाजिकजन उपस्थित थे।

# डूबान क्षेत्र के विकास के लिए शासन-प्रशासन प्रतिबद्ध : कलेक्टर

## सुशासन तिहार शिविर में 667 आवेदन मिले, 116 का मौके पर निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ग्राम पंचायत कोड़ेगांव (बी.) में क्लस्टर स्तरीय जनसमस्या निवारण एवं समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अकलाडोंगरी, अरौद (डु.), चिखली, तिर्रा, कोड़ेगांव (रै.), मोंगरागहन एवं कोड़ेगांव (बी.) सहित सात ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों ने भाग लिया।

इस अवसर पर विधायक ओंकार साहू ने कहा कि सुशासन तिहार शासन और जनता के बीच संवाद का प्रभावी माध्यम बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचकर समस्याओं का निराकरण करना सुशासन की वास्तविक पहचान है तथा शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सर्वोच्च प्राथमिकता है। पूर्व विधायक श्रीमती रंजना साहू ने कहा कि स्थानीय स्तर पर समस्याओं का समाधान होने से ग्रामीणों के समय और संसाधनों की बचत हो रही है तथा प्रशासन के प्रति लोगों का विश्वास और मजबूत हुआ है।

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा कि सुशासन तिहार का उद्देश्य नागरिकों की समस्याओं का संवेदनशीलता एवं पारदर्शिता के साथ निराकरण करना है। उन्होंने बताया कि डुबान क्षेत्र की आजीविका संबंधी चुनौतियों के समाधान के लिए डुबान क्षेत्र के विकास और आजीविका संवर्धन के लिए शासन- प्रशासन प्रतिबद्ध है। ग्रामीणों को मत्स्य पालन से जोड़ा गया है। डुबान क्षेत्र में धान उपार्जन केंद्र की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है। विद्यार्थियों के शैक्षणिक एवं कौशल विकास के लिए विभिन्न प्रयास किए जा रहे हैं।

मौके पर सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह ठाकुर, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पीयूष तिवारी, नोडल अधिकारी आरएन राठौर, सीईओ जनपद पंचायत धमतरी वर्षा रानी चिकनजुरी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि, पंच-सरपंच एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

अतिथियों ने विभागीय स्टॉलों का अवलोकन कर योजनाओं की जानकारी ली तथा हितग्राहियों से संवाद किया।



### विधायक ने 26 लाख से शेड निर्माण कार्यों का किया भूमिपूजन

कार्यक्रम के दौरान तिर्रा, कोलियारी, बरबांधा एवं हरफर में लगभग 26 लाख रुपये की लागत से शेड निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया गया। हितग्राहियों को नवीन राशन कार्ड, मत्स्य पालन एवं पशुपालन ऋण स्वीकृति आदेश, किसान क्रेडिट कार्ड, सुपोषण किट, आयुष्मान कार्ड तथा निःशुल्क चश्मों का वितरण किया गया। सेवानिवृत्त आंगनबाड़ी सहायिकाओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 667 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 641 मांगें एवं 26 शिकायतें शामिल थीं। इनमें से 116 प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया।

## यह केवल पौधा नहीं, मां के प्रति हमारे अगाध प्रेम का प्रतीक है : अजय

# विधायक ने चरमुड़िया, चर्रा और नवागांव में रोपे पौधे, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा क्षेत्र के ग्राम पंचायत चरमुड़िया, चर्रा एवं नवागांव (उ) में वृहद पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि कुरुद विधायक अजय चंद्राकर थे। उन्होंने ग्रामीणों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर न केवल छायादार पौधे रोपे, बल्कि जन-जन में पर्यावरण संरक्षण की एक नई अलख भी जगाई।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर शुरू किए गए इस पुनीत अभियान के अंतर्गत पौधरोपण करते हुए विधायक चंद्राकर भावुक और संकल्पित नजर आए। उन्होंने उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि यह सिर्फ एक पौधा नहीं है, बल्कि हमारी धरती माता और अपनी जन्म देने वाली मां के प्रति हमारे अगाध प्रेम और सम्मान का जीवंत प्रतीक है। इस मानसून सत्र में हर व्यक्ति अपनी मां के नाम पर कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं और उसकी अपनी संतान की तरह देखभाल करने का संकल्प लें।

उन्होंने इस बात पर विशेष जोर दिया कि पर्यावरण संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। केवल पौधे लगाना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनकी सुरक्षा और नियमित देखभाल भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। यदि हम सभी मिलकर इस दिशा में प्रयास करें तो आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ, हरित और स्वस्थ वातावरण प्रदान किया जा सकता है।

कार्यक्रम में डीएफओ कृष्णकुमार जाधव, एसडीएम नभसिंह कोशले, जिला पंचायत उपाध्यक्ष गौकरण साहू, जनपद अध्यक्ष गीतेश्वरी साहू, उपाध्यक्ष सतीश जैन, जनपद सदस्य उर्वशी बांधेकर, महेश ध्रुव, हिमांशु साहू, स्थानीय सरपंचगण चरमुड़िया नीतू तोड़ेकर, नवागांव टिकेश साहू, चर्रा कमलेश्वरी ध्रुव के अलावा भाजपा नेतागण कृष्णकांत साहू, हरिशंकर सोनवानी, त्रिलोकचंद जैन, थानेश्वर साहू, योगेश साहू, थानेश्वर तारक, तेजेन्द्र सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं वन विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।




### एक पेड़ लगाएं, भविष्य बचाएं के नारों से गूंजा क्षेत्र

नवागांव के प्राथमिक शाला परिसर सहित तीनों ग्राम पंचायतों में इस अभियान को लेकर गजब का उत्साह देखा गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों, युवाओं, महिलाओं और स्कूली विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पूरा क्षेत्र एक पेड़ लगाएं, भविष्य बचाएं के गगनभेदी नारों से गुंजायमान हो उठा। इस दौरान लोगों ने पूरे धमतरी जिले को हरा-भरा और खुशहाल बनाने का सामूहिक संकल्प लिया।

## पीएमश्री कठौली के समर कैम्प में पहुंचे जिपं उपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला कठौली में 6 जून को समर कैम्प का आयोजन किया गया। खेल-खेल में शिक्षा व आनंदमय वातावरण के लिये योगा, संगीत स्पोकन इंग्लिश, डांस, खेल, मिट्टी के कार्य, मेहंदी, रंगोली, सुई धागा, ड्राइंग पेंटिग के साथ विभिन्न प्रकार के व्यंजनों के स्वाद से बच्चों को आनंदित करने हेतु कैम्प आयोजन किया जा रहा है। जिला पंचायत उपाध्यक्ष गौकरण साहू और कठौली सरपंच डां खेमराज साहू कैम्प पहुंचे और बच्चों को मोटिवेट किए।

मौके पर पंच लीलेश साहू, रूपकला साहू, अध्यक्ष गणेश साहू, उपाध्यक्ष लता साहू, पीएमश्री कठौली के प्रधानपाठक ललित साहू, शिक्षक यशवीर जांगड़े, ऋतुराज, बसंत, गुलायची साहू, योग शिक्षक लोकेश साहू, ग्रामीण अरूण साहू, केदार साहू, तामू पटेल, अमृत, प्रमिला, तीजिया बाई मौजूद थे। प्राचार्य एनके धीवर, समन्वयक दिनेश साहू ने आभार जताया।





## कोसमर्रा स्कूल में विश्व पर्यावरण दिवस मना

**कोर्रा(भखारा)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोसमर्रा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया। मौके पर प्राचार्य दोमनलाल साहू, कार्यक्रम अधिकारी वासुदेव कुमार सोनबेर, व्याख्याता चैतराम साहू, बालकृष्ण साहू, अनिल कुमार साहू, किरण मनहर, प्रतिमा गोस्वामी, खिलेश्वरी साहू, राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेवक युक्तिका एवं प्रिया मौजूद रहे।



## आईटीआई मेघा में किया गया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

विश्व पर्यावरण दिवस पर आईटीआई मेघा में पौधरोपण किया गया। छात्र-छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण, जल बचाने का संदेश देते हुए मेघा का भ्रमण किया। प्राचार्य भौमिका साहू ने कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण के लिए पूरे विश्व में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने की घोषणा संयुक्त राष्ट्र ने पर्यावरण के प्रति वैश्विक स्तर पर राजनीतिक और सामाजिक जागृति लाने हेतु वर्ष 1972 में की थी। इसे 5 जून से 16 जून तक संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा आयोजित विश्व पर्यावरण सम्मेलन में चर्चा के बाद शुरू किया गया था। 5 जून 1974 को पहला विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर ट्रेड टीओ शेषनारायण ध्रुव ,दुर्गेश साहू ,हितेश साहू, टोमन साहू, पवन नेताम, प्रियंका युगल समेत छात्र-



## पुष्पेंद्र भाजपा सिर्री मंडल प्रभारी, जीवन सहप्रभारी बने

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

भाजपा के संगठनात्मक विस्तार एवं आगामी राजनीतिक रणनीतियों को सशक्त बनाने की दिशा में पार्टी नेतृत्व ने सिर्री मंडल के लिए पुष्पेंद्र साहू को मंडल प्रभारी और जीवन साहू को सहप्रभारी नियुक्त किया है। इस नियुक्ति के बाद क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में उत्साह है।

पुष्पेंद्र साहू ने केंद्रीय, प्रदेश एवं जिला में नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह दायित्व उनके लिए सम्मान के साथ-साथ बड़ी जिम्मेदारी भी है। उन्होंने विशेष रूप से कुरूद विधायक अजय चंद्राकर के मार्गदर्शन और सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

नवनियुक्त मंडल प्रभारी ने कहा कि भाजपा की वास्तविक शक्ति उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं, जिनके अथक परिश्रम, त्याग और संगठन के प्रति समर्पण के कारण पार्टी की विचारधारा जन-जन तक पहुंचती है।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि संगठनात्मक स्तर पर यह नियुक्ति भाजपा के बूथ एवं मंडल स्तर के ढांचे को और अधिक सुदृढ़ करने में सहायक सिद्ध होगी। भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुष्पेंद्र साहू की नियुक्ति का स्वागत करते हुए विश्वास जताया है कि उनके नेतृत्व में सिर्री मंडल संगठनात्मक गतिविधियों में नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ेगा तथा पार्टी की जनकल्याणकारी नीतियों को आम जनता तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।


अजय चंद्राकर


पुष्पेंद्र साहू


जीवन साहू

## संस्कारयुक्त शिक्षा ही सशक्त राष्ट्र निर्माण का आधार : रोहरा

- नवीन आचार्य प्रशिक्षण वर्ग में शामिल हुए महापौर

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ग्राम छाती में आयोजित दस दिवसीय नवीन आचार्य प्रशिक्षण वर्ग में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित महापौर रामू रोहरा ने प्रशिक्षणार्थी आचार्यों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षक केवल ज्ञान देने वाला नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के भविष्य का निर्माता होता है। विद्यार्थियों के जीवन में संस्कार, अनुशासन, नैतिकता एवं राष्ट्रभक्ति के भाव विकसित करने में आचार्यों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है।

महापौर श्री रोहरा ने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, पारिवारिक मूल्यों एवं सामाजिक जिम्मेदारियों से जोड़ना भी आवश्यक है। सरस्वती शिशु मंदिर जैसी संस्थाएं वर्षों से शिक्षा के साथ संस्कार प्रदान करने का महत्वपूर्ण कार्य कर रही हैं, जिसका सकारात्मक प्रभाव समाज में स्पष्ट रूप से दिखाई देता है।

उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे नवीन आचार्यों से कहा कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण समर्पण, निष्ठा और सेवा भाव के साथ करें। एक आदर्श शिक्षक अपने ज्ञान, व्यवहार और व्यक्तित्व से विद्यार्थियों को प्रेरित करता है तथा उनके जीवन की दिशा निर्धारित करने में महत्वपूर्ण योगदान देता है। उन्होंने कहा कि विद्यालय केवल पढ़ाई का केंद्र नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण और राष्ट्र निर्माण की पाठशाला है। कार्यक्रम की अध्यक्षता दीनबंधु सिन्हा ने की। मुख्य वक्ता रतनलाल चक्रधर थे। विशिष्ट अतिथि श्रीमती दानेश्वरी यादव, वर्गाधिकारी नरसिंग चंद्राकर थे।



## एनसीसी, एनएसएस के छात्र-छात्राओं में किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

पर्यावरण संरक्षण के प्रति चेतना तथा प्राकृतिक संसाधनों का सुरक्षित उपयोग करने की दिशा में जागरूकता उत्पन्न करने के उद्देश्य से विश्व पर्यावरण दिवस पर पीजी कॉलेज में पौधरोपण का कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर एनसीसी कैडेट्स और एनएसएस के स्वयंसेवकों द्वारा फलदर एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया। अधिकारी एवं एनसीसी एनएसएस के छात्र-छात्राओं को पौधों की सुरक्षा तथा पर्यावरण जागरूकता के प्रचार प्रसार हेतु शपथ दिलाई गई। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ दुर्गेशप्रसाद ने पर्यावरण की महत्वपूर्ण मुख्य चुनौतियों तथा जलवायु परिवर्तन जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जानकारी दी।

इस अवसर पर एनएसएस अधिकारी प्रो. भीखम लाल साहू, एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट दिनेश्वर सलाम, प्रो. राजेश चौरसिया, महेंद्र कुमार, हिमांशु, दिव्या महार, अपर्णा, साकेत, गुलशन, नीलम समेत स्वयंसेवक उपस्थित थे।



## 2019 से शुरू यह अभियान आसपास के गांवों के लिए प्रेरणास्रोत बन रहा

# ग्रीन आमदी ग्रुप ने अब तक 500 से अधिक पौधे रोपे

हरिभूमि न्यूज ⏭आमदी(धमतरी)

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर पंचायत आमदी में ग्रीन आमदी ग्रुप द्वारा धरती माता की पूजा-अर्चना कर पौधरोपण अभियान का शुभारंभ किया गया। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में निरंतर कार्य कर रहा यह ग्रुप इन दिनों क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है और आसपास के गांवों के लिए प्रेरणास्त्रोत बन रहा है।

ग्रीन आमदी ग्रुप द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों जैसे सामुदायिक भवन, उपस्वास्थ्य केंद्र, हाईस्कूल मैदान, नया तालाब, मुक्तिधाम, शिव तालाब, सोरीबांधा, गोठान, महाविद्यालय परिसर तथा खेल मैदानों के किनारे अब तक 500 से अधिक पौधों का रोपण किया जा चुका है।

ग्रुप के सदस्यों ने बताया कि वर्ष 2019 से लगातार पौधरोपण का कार्य किया जा रहा है। लगाए गए पौधों में से लगभग 200 से 250 पौधे अब वृक्ष का रूप ले चुके हैं। ग्रुप के सदस्य स्वेच्छा से अनुदान राशि एकत्रित कर प्रत्येक वर्ष जून-जुलाई माह में फलदार, छायादार एवं औषधीय पौधों का रोपण करते हैं। पौधों की देखरेख और संरक्षण पर भी विशेष ध्यान दिया जाता है। इस अवसर पर नगर पंचायत आमदी की अध्यक्ष ज्योति साहू, पूर्व नपं अध्यक्ष हेमंत माला, मनोज साहू, योगेंद्र साहू, सोहन साहू, पोखराज साहू, तेजराम साहू, हीरालाल साहू, ज्योतिष विश्वास, प्रवीण राठी, रामआसरा साहू, रामअवतार शर्मा, हर्षराज, जागेश्वर साहू, एमन, केमेंद्र, जितेंद्र पटेल, कोमल यादव, चितेंद्र साहू, डोमार साहू, त्रिभुवन मटियारा, महेंद्र, नारायण नेताम, बसंत साहू एवं यामलाल सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।




Pride of Dhamtari

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकूलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़



समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)
मो. 9981321524 / 7223011528

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जोजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

# रायपारा निवासियों ने की पट्टे वाली जमीन को खेल मैदान बनाने की मांग

- केरेगांव पंचायत के आश्रित ग्राम रायपारा के ग्रामीणों ने कलेक्टर को आवेदन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



केरेगांव पंचायत के आश्रित ग्राम रायपारा में 3.50 हेक्टेयर जमीन का पट्टा निरस्त कर उसे खेल मैदान के लिए आरक्षित करने की मांग कलेक्टर से की है।

रायपारा के ग्रामीण कोमल, गजानंद, दुलारू, हिरदेराम, तीजूराम ध्रुव आदि ने कलेक्टर को आवेदन कर कहा है कि रायपारा स्थित जमीन खसरा नंबर 34 रकबा 3.50 हेक्टेयर काबिज कास्त भूमि है। यह जमीन पड़त तथा बंजर है जिसे ग्रामवासी खेल मैदान के रूप में उपयोग करते हैं। समय-समय पर यहां खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। ग्राम पंचायत केरेगांव ने वर्ष 2007-08 में जमीन को खेल मैदान के लिए आरक्षित करने पंचायत प्रस्ताव अनुमोदित किया है।

ग्रामीणों ने बताया कि गांव के एक व्यक्ति ने राजस्व अधिकारी से सांठगांठ कर बिना पंचायत प्रस्ताव के उक्त जमीन का कृषि कार्य के लिए पट्टा बना लिया है। पट्टाधारी की मृत्यु के बाद अब जमीन उनके परिजनों के नाम दर्ज है। इस जमीन पर किसी प्रकार का कृषि कार्य नहीं किया जाता है। अभी भी जमीन बंजर और पड़त है। यहां ग्रामीण युवा खेल प्रतियोगिताएं कराते हैं। इसके अलावा गांव में और कोई खेल मैदान नहीं है। उक्त जमीन पट्टाधारी वारिसान गरीब एवं भूमिहीन नहीं है। उनके पास गांव में अलग-अलग कृषि जमीन है। खसरा नंबर 34 रकबा 3.50 हेक्टयर को खेल मैदान के लिए आरक्षित किया जाना आवश्यक है।

## खबर संक्षेप



### बरबांधा में एक पेड़ मां के नाम पर रोपे पौधे

**नगरी।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत बरबांधा में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर नीम, जामुन एवं आम के पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में डिगेश्वरी नेताम के सान्निध्य में परिवार के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पौधरोपण में निधि नेताम, याचना नेताम तथा पुत्र योगराज नेताम शामिल रहे। परिवार के सदस्यों ने कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण को शुद्ध करने का कार्य नहीं करते, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ एवं सुरक्षित भविष्य का आधार भी बनते हैं। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आयोजित इस पहल ने प्रकृति संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ परिवार और समाज को पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का संदेश दिया।

### नपं भखारा में नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन



**अंवरी।** पिछले कुछ साल से अधूरी नाली से नगर पंचायत भखारा के वार्ड क्रमांक 15 के 10 घरों में बरसात के समय घर में अंदर दो फीट पानी भर जाता था जिसे जन-जीवन अस्त-व्यस्त हो जाता था। पिछले साल बरसात में सभी 10 परिवार समस्या से घिरे तब पीड़ित परिवार पार्षद प्रतिनिधि यशवंत पटेल के पास पहुंचे और जानकारी दी। पार्षद प्रतिनिधि यशवंत पटेल ने आश्वासन दिया कि आने वाले बरसात तक अधूरी नाली पूरी बन जाएगी और आज नाली का भूमिपूजन किया गया। मौके पर सीएमओ हरिकिशन पावरिया, युगेश धीवर, अभिषेक राव शिंदे और वार्ड 11 के पार्षद हितेंद्र साहू उपस्थित थे।

## दस दिन बाद भी नहीं बुझी आग, सांस लेने में तकलीफ, आंखों में जलन

# ट्रेंचिंग ग्राउंड की सुलगती आग से बढ़ी परेशानी, जहरीले धुएं से जनजीवन प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

शहर के सोरिद वार्ड स्थित बागतराई रोड के ट्रेंचिंग ग्राउंड में लगी आग दस दिन बाद भी पूरी तरह नहीं बुझ पाई है। कचरे के विशाल ढेर के भीतर अब भी आग सुलग रही है, जिससे लगातार जहरीला धुआं निकल रहा है। धुएं का असर आसपास के रिहायशी इलाकों तक पहुंच रहा है और लोगों का जनजीवन प्रभावित हो रहा है। लोगों को सांस लेने में तकलीफ, आंखों में जलन और घुटन जैसी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

ट्रेंचिंग ग्राउंड में बड़ी मात्रा में प्लास्टिक, पालीथिन, गीले-सूखे कचरे और अन्य अपशिष्ट पदार्थों का ढेर जमा है। अंदर ही अंदर सुलगती आग के कारण धुआं लगातार फैल रहा है। इसका प्रभाव दो किलोमीटर तक महसूस किया जा रहा है।

हालांकि आग की बाहरी लपटें शांत हो गईं, लेकिन कचरे के भीतर अब भी आग सुलग रही है। निगम प्रशासन का कहना है कि आग को बुझाने का प्रयास किया गया था, लेकिन अंदर जमा कचरे में धधक रही आग पूरी तरह समाप्त नहीं हो सकी है। अधिकारियों ने दोबारा अभियान चलाकर आग बुझाने की बात कही है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो सूखे कचरे के कारण फिर से बड़ा हादसा हो सकता है। ट्रेंचिंग ग्राउंड में पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था और अग्निशमन संसाधनों की कमी भी चिंता का विषय बनी हुई है।

सोरिद वार्ड निवासियों ने ट्रेंचिंग ग्राउंड से निकल रहे धुएं को लेकर नाराजगी जताई है। वार्डवासी सोमन यदु ने बताया कि कूलर या पंखा चलाते ही धुआं तेजी से घरों के भीतर पहुंच जाता है। लोगों को दिन-रात परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

कृष्णा यादव ने कहा कि लगातार उठ रहे धुएं से लोगों की सेहत प्रभावित हो रही है। बच्चों और बुजुर्गों को सांस लेने में अधिक परेशानी हो रही है। यदि आग पूरी तरह नहीं बुझी तो आने वाले दिनों में स्थिति और गंभीर हो सकती है।

लालू राम ने बताया कि सुबह और देर रात धुएं का असर सबसे ज्यादा महसूस होता है। कई लोगों को आंखों में जलन और सिरदर्द की शिकायत हो रही है। मनोहर ध्रुव ने ट्रेंचिंग ग्राउंड की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग करते हुए कहा कि कचरा डंपिंग स्थल में लगातार निगरानी जरूरी है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

### स्वास्थ्य पर पड़ रहा असर



#### आग पर काबू के दावे, लेकिन खत्म नहीं हुआ खतरा

जानकारी के अनुसार 24-25 मई को ट्रेंचिंग ग्राउंड में आगजनी की घटना हुई थी। आग लगने के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया था। आग की ऊंची लपटें देखकर लोगों ने तत्काल नगर निगम और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। इसके बाद दमकल कर्मियों ने घंटों मशक्कत कर आग पर काबू पाया था।

#### सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

ट्रेंचिंग ग्राउंड में लगातार सुलग रही आग को लेकर राजनीतिक प्रतिक्रियाएं भी सामने आने लगी हैं। निगम उपनेता प्रतिपक्ष विशु सत्येंद्र देवांगन ने कहा कि लगभग पांच एकड़ क्षेत्र में संचालित ट्रेंचिंग ग्राउंड में अग्निशमन उपकरणों और सुरक्षा व्यवस्था का अभाव निगम प्रशासन की गंभीर लापरवाही को दर्शाता है।

## बोड़रा में समर कैंप का आयोजन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

शासकीय हाईस्कूल बोड़रा स एवं प्राथमिक व माध्यमिक शाला द्वारा 4 से 8 जून तक समर कैम्प का आयोजन किया गया है। चित्रकारी, गायन, वादन, निबंध, कहानी लेखन, हस्तलिपि लेखन, नृत्य, खेलकूद समेत अपने गांव, शहर की ऐतिहासिक जानकारी दी जायेगी।

मौके पर शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष हंसराज साहू, सरपंच सुमन साहू, विधायक प्रतिनिधि प्रीतम साहू, उपसरपंच रवि साहू, पूर्व सरपंच प्रतिनिधि फल्लेस साहू, सासंद प्रतिनिधि नंद साहू, प्राचार्य जेआर कुर्रे, प्रापा माशा रेखा जोशी, व्याख्याता चमन साहू, महेंद्र जोशी, मनोज देवदास प्रपा प्राथमिक शाला समेत छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## क्षेत्र का विकास मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता : अजय

- चंदना नाला पर 58 .77 लाख की लागत से बनेगा उच्चस्तरीय पुल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड



जनपद पंचायत मगरलोड क्षेत्र अंतर्गत चंदना से चमसूर मार्ग के चंदना नाला पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग निर्माण कार्य का भूमिपूजन हुआ। इस निर्माण कार्य की लागत 58.77 लाख रुपये है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक अजय चंद्राकर ने भूमिपूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया तथा उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास, आवागमन की सुविधा और ग्रामीणों की वर्षों पुरानी मांगों को पूरा करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस निर्माण कार्य के पूर्ण होने से क्षेत्र के नागरिकों को आवागमन में सुविधा मिलेगी तथा बरसात के दिनों में होने वाली परेशानियों से राहत मिलेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जनपद पंचायत मगरलोड अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार साहू ने कहा कि जनपद क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं और यह निर्माण कार्य क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

विशिष्ट अतिथि राजेश साहू जनपद सभापति, जनपद सदस्य श्रीमती अनीता देशमुख, श्रीमती सरिता कश्यप, श्रीमती नंदनी साहू, श्रीमती हेमलता ध्रुव, सरपंच जीवन लाल यादव, ग्राम चमसूर के सरपंच देवचरण साहू थे। इस अवसर पर श्याम साहू, श्री राजपूत, होरीलाल साहू, नेमसिंह ठाकुर, डोश्वर सोनकर सहित ग्राम चंदना के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## खिलाड़ियों को मिलेगा प्रतिभा प्रदर्शन का मंच

- 8 जून को योगासन एवं तीरंदाजी प्रतियोगिता आयोजित

**धमतरी।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा 9 मई से 8 जून तक ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का संचालन किया जा रहा, जिसमें विभिन्न खेल विधाओं में खिलाड़ियों को विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया




प्रतियोगिता के तहत 8 जून को योगासन एवं तीरंदाजी प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। प्रतियोगिताओं में जिले के विभिन्न विकासखंडों तथा ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविरों से जुड़े खिलाड़ी भाग लेंगे।

जिला प्रशासन का मानना है कि इस प्रकार के आयोजन खिलाड़ियों में प्रतिस्पर्धात्मक भावना विकसित करने, खेल प्रतिभाओं को पहचान देने तथा जिले में खेल संस्कृति को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रतियोगिता के माध्यम से खिलाड़ियों को अपनी क्षमता प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा, जिससे भविष्य में राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए नई प्रतिभाएं तैयार हो सकेंगी। जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर के समापन समारोह में जिले के चयनित अग्निवीर युवाओं का सम्मान भी किया जाएगा।

**न्यायालय तहसीलदार भखारा**
**जिला धमतरी छ.ग.**
**// ईश्तहार //**

एतद द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक रवि कुमार सिन्हा पिता अयोध्या प्रसाद जाति कलार निवासी सेमरा द्वारा माननीय व्यवहार न्यायालय कुरूद के समक्ष एक व्यवहार वाद वास्ते नाम की घोषणा प्रस्तुत किया गया था जिसमें माननीय व्यवहार न्यायालय कुरूद के द्वारा व्यवहार वाद निराकरण करते हुए दिनांक 08/05/2026 को आदेश निर्णय पारित किया गया है। माननीय व्यवहार न्यायालय कुरूद द्वारा पारित निर्णय / डिक्री अनुसार वादी का नाम रविकुमार सिन्हा व रविन्द्र उर्फ पप्पू पिता अयोध्या प्रसाद एक ही व्यक्ति होने की घोषणात्मक आज्ञप्ति पारित किया गया है। जिसके अनुसार ग्राम सेमरा, प.ह.नं. 06, तहसील भखारा, जिला धमतरी छ.ग. स्थित कृषि भूमि खसरा नंबर 693/1, 694/1, 1597/1,1627, 1628/2 रकबा 0.60, 0.47, 0.65, 0.18, 0.50 हे० कुल खसरा 05 कुल रकबा 2.40 हे. में आवेदक का नाम रविकुमार सिन्हा व रविन्द्र उर्फ पप्पू पिता अयोध्या प्रसाद का नाम अंकित किये जाने बाबत आदेशित व निर्देशित किया जावे। माननीय न्यायालय के व्यवहार वाद क्रमांक 279 अ/2025 में पारित आदेश दिनांक 08/05/2026 के अनुसार राजस्व अभिलेख में रविकुमार सिन्हा व रविन्द्र उर्फ पप्पू पिता अयोध्या प्रसाद अंकित किये जाने निवेदन किया है।

अत: आवेदक के आवेदन पत्र के संबंध मे जिस किसी व्यक्ति या हित बद्ध पक्षकार को कोई दावा आपत्ति हो पेशी दिनांक 11/06/2026 के पूर्व स्वत: या अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय मे उपस्थित होकर आपत्ति दावा प्रस्तुत कर सकते है नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 04/6/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया।

तहसीलदार
भखारा

**न्यायालय तहसीलदार भखारा**
**जिला धमतरी छ.ग.**
**// ईश्तहार //**

एतद द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक हरीश कुमार सिन्हा उर्फ राजू पिता अयोध्या प्रसाद जाति कलार निवासी सेमरा द्वारा माननीय व्यवहार न्यायालय कुरूद के समक्ष एक व्यवहार वाद वास्ते नाम की घोषणा प्रस्तुत किया गया था जिसमें माननीय न्यायालय के व्यवहार वाद क्रमांक 280अ/2025 में पारित आदेश दिनांक 08/05/2026 आवेदक वादी का नाम हरीश कुमार सिन्हा व राजू पिता अयोध्या प्रसाद एक ही व्यक्ति होने की घोषणात्मक आज्ञप्ति पारित किया गया है। जिसके अनुसार ग्राम सेमरा, प.ह.नं. 06, तहसील भखारा, जिला धमतरी छ.ग. स्थित कृषि भूमि खसरा नंबर 677, 688, 694/2, 1094/1, 1597/2 रकबा 0.31, 0.45, 0.31, 0.68, 0.33 हे. कुल खसरा 05 कुल रकबा 2.08 हे. में आवेदक का नाम हरीश कुमार सिन्हा उर्फ राजू पिता अयोध्या प्रसाद का नाम अंकित किये जाने निवेदन किया है।

अत: आवेदक के आवेदन पत्र के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या हित बद्ध पक्षकार को कोई दावा आपत्ति हो पेशी दिनांक 11/06/2026 के पूर्व स्वत: या अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति दावा प्रस्तुत कर सकते है नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 04/6/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया।

तहसीलदार
भखारा

## प्लास्टिक मुक्त गांव बनाने एवं जल संरक्षण की शपथ

**धमतरी।** विश्व पर्यावरण दिवस पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुर्रा में पौध रोपण एवं जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष अमन राव के नेतृत्व में शिक्षकों, छात्र-छात्राओं एवं ग्रामीणों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने विद्यालय परिसर में आम, नीम, पीपल लगाए।

इस अवसर पर अमन राव ने कहा कि पर्यावरण बचाना केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं है। अगर हम अपनी आने वाली पीढ़ी को सुरक्षित भविष्य देना चाहते हैं तो जल, जंगल और जमीन की रक्षा करनी होगी। इस दौरान सभी ने प्लास्टिक मुक्त गांव बनाने एवं जल संरक्षण की शपथ ली। छात्र-छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण के नारे लगाते हुए गांव में रैली निकाली जाए।



विद्यालय परिसर और तालाब के किनारे स्वच्छता अभियान चलाया गया।

प्राचार्य बीआर साहू ने बताया कि विद्यालय में इको क्लब का गठन किया गया है जो हर महीने पर्यावरण गतिविधियां करेगा। कार्यक्रम में मुरारी यदु पूर्व मंडल अध्यक्ष, दमयंती साहू पूर्व सदस्य जिला पंचायत, परमेश्वर साहू सासंद प्रतिनिधि, खिलेश्वरी बनपेला व्याख्यता, त्रिवेणी साहू, मिथलेश सिन्हा ग्रंथपाल, हेमंत साहू विज्ञान सहायक, होमिता साहू खेल शिक्षक, प्रभुराम साहू, भागवत साहू, सेवक निषाद, चुड़ामणि यादव व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन सोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## अंचल की खबरें

### श्री गिरिराज का परिक्रमा महोत्सव, दुग्धाभिषेक आज

**धमतरी।** श्री गोवर्धननाथ हवेली मंदिर ट्रस्ट द्वारा अधिक मास के अवसर पर 7 जून को धार्मिक आयोजन किया जाएगा। इस विशेष कार्यक्रम में श्री गिरिराज का परिक्रमा महोत्सव, दुग्धाभिषेक, मनमोहक पुष्प श्रृंगार एवं विराट दर्शन का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम शाम 6 बजे से रात 8 बजे तक होगा। ट्रस्ट अध्यक्ष तरुण अंबानी एवं सचिव कीर्ति शाह ने बताया कि अधिक मास के इस विशेष अवसर पर आयोजित धार्मिक कार्यक्रम को भव्य स्वरूप दिया जाएगा। उन्होंने श्रद्धालुओं से आयोजन की शोभा बढ़ाने की अपील की है।

### रामपुर स्कूल में रोपे गए पौधे



**बगदेही(धमतरी)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपुर में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य एमआर मनहर, उप प्राचार्य आरके बघेल, आरके टंडन, एचके साहू, केके वर्मा, बीके निषाद, जेके साहू, जीके साहू, डीके साहू, एस अग्रवाल, पी शर्मा, जे ध्रुव, एस साहू, एल सोन, एम ठाकुर समेत छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### वित्त मंत्री को बैंक एवं खाद गोदाम खोलने मांग पत्र सौंपा



**पुरी(धमतरी)।** ग्राम छाती में चंद्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय समाज का महाअधिवेशन 6 से 7 जून तक रखा गया है। कार्यक्रम में वित्त मंत्री ओपी चौधरी शामिल हुए। इस दौरान ग्रामीण सेवा सहकारी समिति के प्राधिकृत अधिकारी ललित कुमार साहू ने वित्त मंत्री को छाती में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक रायपुर की शाखा खोलने सहित किसानों की सुविधा हेतु दो -दो सौ मेट्रिक टन का खाद गोदाम खोलने मांग पत्र सौंपा। वित्त मंत्री ने शीघ्र निराकरण होने का आश्वासन दिया। यह जानकारी नरेंद्र कुमार साहू समिति प्रबंधक ने दी है।

### दो साल में पौधे बने 12 फीट ऊंचे वृक्ष



- छिपली के युवाओं की हरित पहल रंग लाई

**मगरलोड।** पर्यावरण में पेड़-पौधो का अहम योगदान है। वेदों-पुराणों में भी इन्हें देवी-देवताओं का दर्जा दिया गया है। विकासखंड मुख्यालय से महज 5 किमी दूर छिपली के युवा पर्यावरण दूत बनकर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। गांव के तालाब किनारे एवं सार्वजनिक स्थलों में विगत 2 वर्षों से महेंद्र, उमाशंकर, गोपी, तिजेंद्र, राजू , देवेंद, सेवन, भोला, राहुल, गुलशन एवं बेदलाल निषाद पौधरोपण कर हरियाली लाने में जुटे हुए हैं। वही वर्ष भर पहले रोपे गए पौधे इन युवाओं की मेहनत, देखभाल एवं पर्यावरण के प्रति समर्पण का ही प्रतिफल है जो आज 10-12 फीट ऊंचे वृक्ष बनने लगे हैं। झनेंद्र ने बताया कि अब ये ऊंचे वृक्ष पक्षियों , छोटे कीड़े-मकोड़े एवं जीव-जंतुओं का आश्रय स्थल बनने लगे हैं। आगे बताते हैं कि पर्यावरण केवल मानसिक शांति ही नहीं देती, बल्कि शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को भी मजबूत बनाता है।

### भटगांव में निकली नशा उन्मूलन रैली



**धमतरी।** विश्व पर्यावरण दिवस पर गायत्री शक्तिपीठ धमतरी एवं ग्राम प्रमुखों के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम भटगांव में नशा उन्मूलन जनजागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने प्रभात फेरी निकालकर लोगों को नशामुक्त समाज और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में सरपंच फागुराम साहू, गोविंद मीनपाल, शेखन साहू, कौशल प्रसाद साहू, राजकुमार साहू, भुवनेश्वर देवांगन, राजेंद्र नाग, हेमसिंग कवर, बृजलाल साहू, हेमंत साहू, संतोष साहू, राजू साहू, बसंत सिन्हा, देवनारायण जैन, रामाधार साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। ज्ञात हो कि गायत्री परिवार द्वारा ग्राम भटगांव में सात दिवसीय नशा उन्मूलन जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत ग्रामीणों से संपर्क, प्रभात फेरी, नशा उन्मूलन संबंधी फिल्म प्रदर्शन, स्लाइड प्रोजेक्टर के माध्यम से जागरूकता अभियान, एक कुंडीय गायत्री महायज्ञ, विशाल जनजागरूकता रैली और नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### नारायणी धाम में 9 से श्रीमद भागवत ज्ञान गंगा यज्ञ

**धमतरी।** शहर के नारायणी धाम में 9 से 15 जून तक सात दिवसीय श्रीमद भागवत ज्ञान गंगा यज्ञ का आयोजन शाम 4 बजे से 7 बजे तक होगा। भागवताचार्य विष्णुदत्त शास्त्री (महर्षि) इंदौर श्रीमद भागवत कथा का रसपान कराएंगे। आयोजन में प्रतिदिन अलग-अलग प्रसंगों का वर्णन किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारी में प्रमोद गोयल-लता गोयल, मनीष अग्रवाल-लता अग्रवाल, नरेश अग्रवाल-पूजा अग्रवाल, संजय रामजीलाल-पूनम अग्रवाल, हुकुमचंद सिंघल परिवार, मदन गोयल-अनीता गोयल तथा राजेंद्र माहेश्वरी जुटे हैं।

### विजय बने मगरलोड भाजपा मंडल के सह प्रभारी

**मगरलोड।** छग भाजपा प्रदेशध्यक्ष किरण सिंह देव के निर्देशानुसार



कुरूद विधायक अजय चंद्राकर, जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस ने विजय यदु भाजपा जिला उपाध्यक्ष को सिहावा विधानसभा के भाजपा मंडल मगरलोड का सहप्रभारी नियुक्त किया है। श्री यदु ने कहा कि संगठनात्मक विषयों, आगामी कार्यक्रमों एवं बूथ स्तर तक संगठन को और अधिक सशक्त बनाने एवं केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचायेंगे। सह प्रभारी बनाए जाने पर पूर्व विधायक पिंकी ध्रुव, श्रवण मरकाम, विकास मरकाम, जिला सभापति टीआर कंवर, जनपद अध्यक्ष वीरेन्द्र साहू, उपाध्यक्ष खिलेश साहू, मंडल अध्यक्ष रोहित मोहन साहू, शत्रुघ्न साहू, भवानी यादव, नरेश सिन्हा, फ़ग्गू यादव, नरेश अग्रवाल, रामायण सिन्हा, हिरंजय साहू, मुरली सिन्हा, टीकमचंद साहू, गोपाल साहू, जीवन यादव, अशोक साहू ने हर्ष जताया है।

### बढ़ा हुआ मानदेय नहीं मिलने पर मितानिनों ने सौंपा ज्ञापन

**धमतरी।** बढ़े हुए मानदेय का भुगतान नहीं होने से नाराज छत्तीसगढ़ मितानिन नागरिक जागरुक संस्था ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर जल्द राशि जारी करने की मांग की है। जिला कार्यालय पहुंची मितानिनों ने बताया कि शासन द्वारा वर्तमान में 2200 रुपये प्रतिमाह मानदेय दिया जा रहा है। लंबे समय से मांग के बाद शासन ने 50 प्रतिशत वृद्धि करते हुए 1100 रुपये बढ़ाकर 1 अप्रैल 2025 से लागू करने का आदेश जारी किया था।
मितानिनों का कहना है कि आदेश जारी होने के 13 माह बाद भी बढ़ा हुआ मानदेय नहीं मिल पाया है। संस्था ने 13 माह की बकाया राशि एकमुश्त भुगतान करने और प्रतिमाह 3300 रुपये मानदेय सुनिश्चित करने की मांग की है। साथ ही 11 वर्षों से प्रोत्साहन राशि में वृद्धि नहीं होने पर इसे दोगुना करने की मांग भी उठाई गई।

### निगम सीमा विस्तार पर रोक, 7 पंचायतों से नहीं मिली एनओसी

**धमतरी।** नगर निगम का सीमा विस्तार फिलहाल अटक गया है। जनगणना के बाद आबादी के नए आंकड़े आने तक शहरी सीमा विस्तार की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ सकेगी। निगम में शामिल किए जाने वाले 7 गांवों की पंचायतों से दो महीने बाद भी एनओसी नहीं मिल पाई है। ग्रामीणों की निगम क्षेत्र में शामिल होने में रुचि नहीं होने से मामला अटका हुआ है। 40 वार्डों वाले शहर में विकास कार्यों और बड़ी परियोजनाओं के लिए जमीन की कमी महसूस की जा रही है। इसी कारण आसपास के गांवों को निगम सीमा में जोड़ने का प्रस्ताव रखा गया था। प्रस्तावित गांवों में रुद्री, श्यामतराई, मुजगहन, रत्नाबांधा, अर्जुनी, सेहराडबरी और हरफतराई शामिल हैं। डिप्टी कमिश्नर पीसी सार्वा ने बताया कि एमआईसी और सामान्य सभा में प्रस्ताव पारित हो चुका है। फरवरी 2027 में जनगणना के नए आंकड़े आने के बाद सीमा विस्तार का प्रस्ताव शासन को भेजा जाएगा। इससे पहले पूर्व महापौर विजय देवांगन के कार्यकाल में भी इसी तरह का प्रस्ताव भेजा गया था।

# अब मशीन करेगी बुवाई : 10 गांवों को मिली सीड ड्रिल मशीन, खेती में आएगी तेजी

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

खेती को आधुनिक और लाभकारी बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया है। कुरूद विकासखंड के 10 गांवों को धान की सीधी कतार बुवाई (डीएसआर) तकनीक के लिए अत्याधुनिक सीड ड्रिल मशीनें प्रदान की गई हैं। सेंटर फॉर एडवांस रिसर्च एंड डेवलपमेंट संस्था द्वारा कस्टम हायरिंग सेंटरों के माध्यम से किसानों तक यह सुविधा पहुंचाई गई है, जिससे कृषि यंत्रीकरण को नई गति मिलने की उम्मीद है।

कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र चर्रा, कुरूद में आयोजित कार्यक्रम में कन्हारपुरी, मोंगरा, कुर्रा, देवरी, राखी, गातापार, भैंसबोड़, कुहकुहा, अटंग और बकली के किसानों को सीड ड्रिल मशीनें वितरित की गईं। इस अवसर पर सीएआरडी फाउंडेशन और कृषि विभाग के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय कृषक कार्यशाला भी आयोजित हुई, जिसमें बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लिया।

अतिथियों ने सीड ड्रिल मशीनों को हरी झंडी दिखाकर संबंधित गांवों के लिए रवाना किया। कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि यह पहल न केवल किसानों की आय बढ़ाने में मदद करेगी, बल्कि जल संरक्षण, लागत नियंत्रण और टिकाऊ कृषि को भी बढ़ावा देगी। जिले में कृषि आधुनिकीकरण की यह पहल आने वाले वर्षों में खेती की तस्वीर बदल सकती है।

## सीएआरडी संस्था द्वारा किसानों तक यह सुविधा पहुंचाई गई

### डीएसआर तकनीक से घटेगी लागत, बढ़ेगा मुनाफा

विशेषज्ञों ने किसानों को बताया कि डीएसआर तकनीक अपनाने से बीज, श्रम और पानी की बचत होती है। रोपाई पर होने वाला अतिरिक्त खर्च कम होता है और फसल की उत्पादकता बढ़ती है। वैज्ञानिकों ने मशीन संचालन, रखरखाव और आधुनिक खेती के तरीकों की विस्तृत जानकारी देकर किसानों को तकनीकी रूप से सक्षम बनाने का प्रयास किया।



### विकसित धमतरी में कृषि की अहम भूमिका : कलेक्टर

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा कि शासन किसानों को आधुनिक तकनीकों से जोड़ने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। कस्टम हायरिंग सेंटर के माध्यम से छोटे और सीमांत किसानों को भी महंगे कृषि यंत्रों का लाभ मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि कृषि यंत्रीकरण और नवाचार आधारित खेती ही विकसित धमतरी की मजबूत नींव बनेगी।

## जल स्रोतों पर कब्जे और उपेक्षा से खत्म होती जा रही तालाब की जलधारण क्षमता

# बीस एकड़ में फैला सौ वर्ष पुराना मकई तालाब सूखा



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर के मध्य स्थित मकेश्वर वार्ड का ऐतिहासिक मकई तालाब अब अपनी पहचान खोता नजर आ रहा है। लगभग 20 एकड़ क्षेत्र में फैला यह करीब 100 वर्ष पुराना तालाब इस गर्मी में पूरी तरह सूख चुका है। हालात ऐसे हैं कि जहां कभी पानी लबालब भरा रहता था, वहां अब बच्चे क्रिकेट खेल रहे हैं और जानवर घूमते दिखाई देते हैं। तालाब की जमीन जगह-जगह फट चुकी है, जिससे बढ़ते जल संकट और पर्यावरणीय असंतुलन की गंभीर तस्वीर सामने आ रही है।

तालाब कभी आसपास के छह वार्डों के लोगों के लिए निस्तारी और भूजल संरक्षण का बड़ा स्रोत हुआ करता था, लेकिन अब यह केवल बरसात के कुछ महीनों तक ही पानी रोक पा रहा है। गर्मी बढ़ते ही तालाब सूख जाता है और आसपास के बोरिंग भी जवाब देने लगते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले 20 वर्षों में तालाब आधा भी नहीं भर पाया है।

मकई तालाब की मौजूदा स्थिति लोगों के लिए चिंता का विषय बन गई है। तालाब की तलहटी में चौड़ी दरारें पड़ गई हैं और पूरा क्षेत्र सूखे मैदान में तब्दील हो चुका है। वार्डवासियों का कहना है कि पहले इस तालाब में सालभर पानी रहता था, जिससे आसपास का भूजल स्तर संतुलित बना रहता था। अब हालात ऐसे हैं कि गर्मी शुरू होते ही बोरिंग और हैंडपंप पानी छोड़ने लगते हैं।

स्थानीय नागरिक उरेन्द्र मानिकपुरी, वीरेन्द्र मानिकपुरी, देवराज पटेल और सुबोध कुमार ने बताया कि हर साल तालाब का जलस्तर कम होता है, लेकिन इस बार स्थिति बेहद खराब है। समय पर सफाई, गहरीकरण और जल संरक्षण के उपाय नहीं होने से तालाब लगातार उपेक्षा का शिकार हो रहा है।

लोगों का कहना है कि तालाब तक पहुंचने वाले प्राकृतिक जल स्रोतों और नालों पर धीरे-धीरे कब्जा हो गया। इसके कारण बरसात का पानी तालाब तक पर्याप्त मात्रा में नहीं पहुंच पा रहा है। घरों और गलियों का गंदा पानी जरूर तालाब में आता है, लेकिन स्वच्छ जल का प्रवाह लगभग बंद हो चुका है।

## सूखे तालाब ने बढ़ाई चिंता



### गहरीकरण के बाद भी नहीं सुधरी स्थिति

करीब दो दशक पहले तत्कालीन नगर पालिका परिषद द्वारा मकई तालाब का गहरीकरण कराया गया था। तालाब को 10 से 15 फीट तक गहरा किया गया, ताकि अधिक पानी संग्रहित हो सके। शुरुआती समय में इसका असर दिखाई दिया, लेकिन बाद में रखरखाव नहीं होने से स्थिति फिर खराब हो गई।

### क्रिकेट मैदान बना तालाब

तालाब के सूखने के बाद अब इसका उपयोग बच्चे और युवा क्रिकेट मैदान के रूप में कर रहे हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि तालाबों का संरक्षण और जल संचय बेहद जरूरी हो जाता है। वार्डवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि मकई तालाब के संरक्षण, सफाई और जल स्रोतों को पुनर्जीवित करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं, ताकि आने वाले समय में यह ऐतिहासिक तालाब फिर से अपनी पुरानी पहचान हासिल कर सके।

### पर्यावरण और भूजल पर असर

विशेषज्ञों के अनुसार तालाब केवल जल संग्रहण का माध्यम नहीं होते, बल्कि वे शहर के तापमान को नियंत्रित करने और भूजल रिचार्ज में भी अहम भूमिका निभाते हैं। मकई तालाब के सूखने से आसपास के क्षेत्रों में गर्मी का असर ज्यादा महसूस किया जा रहा है।

# मुख्य अतिथि विवाद में खड़मा और सिंगपुर के विकास कार्यों के कार्यक्रम निरस्त

- जिपं अध्यक्ष ने भाजपा जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा का आरोप लगाया, विधायक ने प्रोटोकॉल का हवाला दिया





हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

सिहावा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत खड़मा और सिंगपुर में 4 जून को प्रस्तावित विकास कार्यों के भूमिपूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम मुख्य अतिथि को लेकर उत्पन्न विवाद के कारण निरस्त कर दिए गए। दोनों पंचायतों के सरपंचों ने बताया कि कार्यक्रमों के लिए प्रारंभिक रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा को मुख्य अतिथि और विधायक अंबिका मरकाम को विशिष्ट अतिथि बनाया गया था तथा आमंत्रण पत्र भी वितरित कर दिए गए थे।

बाद में विधायक अंबिका मरकाम ने प्रोटोकॉल का हवाला देते हुए मुख्य अतिथि नहीं बनाए जाने पर आपत्ति जताई। इसके बाद संशोधित आमंत्रण पत्र जारी कर विधायक को मुख्य अतिथि तथा जिला पंचायत अध्यक्ष को विशिष्ट अतिथि बनाया गया। हालांकि बढ़ते विवाद और राजनीतिक माहौल को देखते हुए दोनों पंचायतों ने कार्यक्रम निरस्त करने का निर्णय लिया।

जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा ने आरोप लगाया कि निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के सम्मान और पद की गरिमा की अनदेखी की गई है। उन्होंने कहा कि आमंत्रण पत्र में बाद में किया गया बदलाव उनके आत्मसम्मान से जुड़ा विषय है तथा इससे जनप्रतिनिधियों और प्रशासन के बीच समन्वय प्रभावित हो सकता है। श्री सार्वा ने यह भी कहा कि पूरे विवाद के कारण विकास कार्यों के सार्वजनिक कार्यक्रम रद्द होना दुर्भाग्यपूर्ण है।

वहीं विधायक अंबिका मरकाम ने स्वीकार किया कि उन्होंने सरपंच से चर्चा कर प्रोटोकॉल के अनुरूप मुख्य अतिथि बनाए जाने की बात कही थी। उनके अनुसार सार्वजनिक कार्यक्रमों में पद और प्रोटोकॉल का पालन किया जाना आवश्यक है। हालांकि उन्होंने आरोप-प्रत्यारोप पर टिप्पणी करने से इनकार किया।

विवाद के बीच एक नया प्रश्न तब खड़ा हुआ जब खड़मा में उसी पीएम जनमन बहुउद्देशीय भवन में कलेक्टर का निरीक्षण एवं बैठक कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसका लोकार्पण प्रस्तावित था लेकिन कार्यक्रम निरस्त कर दिया गया था। सरपंच के अनुसार विभागीय अनुमति से भवन का उपयोग किया गया, जबकि जिपं अध्यक्ष ने इस संबंध में प्रशासन से स्थिति स्पष्ट करने की मांग की है।

इस मामले में जनपद पंचायत मगरलोड की सीईओ और कलेक्टर का पक्ष समाचार लिखे जाने तक प्राप्त नहीं हो सका।

# धमतरी शहर को दो बिजली जोन में विभाजित करने की मांग

- बढ़ती आबादी और बिजली समस्या को लेकर चैंबर ने उठाई आवाज

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की धमतरी जिला इकाई ने शहर में बढ़ती आबादी और विद्युत उपभोक्ताओं की संख्या को देखते हुए धमतरी शहर को दो बिजली जोन में विभाजित करने की मांग की है। इस संबंध में जिला इकाई ने कार्यपालन अभियंता छत्तीसगढ़ विद्युत मंडल धमतरी को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में बताया गया कि धमतरी शहर में लगातार जनसंख्या और विद्युत खपत बढ़ रही है, लेकिन वर्तमान में पूरे शहर की व्यवस्था एक ही जोन से संचालित होने के कारण संसाधनों और स्टाफ की कमी का असर आम नागरिकों, व्यापारियों और विभागों पर पड़ रहा है। चैंबर पदाधिकारियों ने कहा कि एक ही



एफओसी (फ्यूज ऑफ कॉल) उपलब्ध होने के कारण बिजली खराबी की स्थिति में समय पर मौके तक पहुंचना मुश्किल हो जाता है। संस्था ने मांग की है कि जल्द से जल्द दूसरा बिजली जोन बनाया जाए ताकि संसाधन और कर्मचारियों की संख्या बढ़ सके तथा शहरवासियों को बेहतर बिजली व्यवस्था मिल सके। ज्ञापन सौंपने के दौरान छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी, जिला अध्यक्ष कैलाश कुकरेजा, प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश रोहरा, प्रदेश महामंत्री आलोक पाण्डेय और मीडिया प्रभारी मितेश जैन प्रमुख रूप से मौजूद थे।

# एमएचएम डे पर पीरियड जागरूकता अभियान, धमतरी में बने एंबेसडर

- स्काउट्स-गाइड्स ने दिया संदेश : पीरियड्स पर खुलकर करें बात, तोड़ें भ्रांतियां

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



भारत स्काउट्स एवं गाइड्स एवं यूनिसेफ के संयुक्त तत्वाधान में राज्य मुख्यालय आयुक्त इंद्रजीत सिंह खालसा के निर्देशानुसार, जिला शिक्षा अधिकारी अभय कुमार जायसवाल, जिला मुख्य आयुक्त चेतन हिंदूजा के मार्गदर्शन एवं अध्यक्ष गणेश प्रसाद साहू, मुख्यालय आयुक्त देवेश कुमार सूर्यवंशी की उपस्थिति में शोभाराम देवांगन बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पीरियड पर खुलकर बात करने का संदेश कार्यशाला के माध्यम से दिया गया।

कार्यशाला में एक स्त्री के सम्मान, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के बारे में चर्चा की गई, जिसमें मिथक को तोड़ने व खुलकर बात करने हेतु जिला के सक्रिय स्काउटर, गाइडर, रोवर -रेंजर लीडर, स्काउट ,गाइड, रोवर, रेंजर को कार्यशाला के माध्यम से जिला संगठन आयुक्त गाइड हिना भेंसले के द्वारा प्रशिक्षित किया गया। प्रत्येक विकासखंड में एक-एक पीरियड एम्बेसडर मित्र बनाया गया। मुख्यालय आयुक्त द्वारा पैड कॉर्नर अनिवार्य, पीरियड अटेंडेंस पॉलिसी, पीरियड बॉडी टीम, एमएचएम वॉल, मेल इक्वलिटी की घोषणा की गई। समाज में फैली भ्रांतियां को तोड़ने,खुलकर बात करने, शर्म न करने, सकारात्मकता अपनाने एवं स्त्रियों के प्रति संवेदनशीलता प्रकट करते हुए रेड हैंड कैनवास पर लाल निशान व हस्ताक्षर के साथ यह कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम के अतिथि बाल विकास अधिकारी अनामिका शर्मा, जिला समन्वयक मिशन प्रियंका गंजीर, सुनीता पंजवानी एवं पूर्व जिला चिकित्सा अधिकारी डी के साहू थे। कार्यशाला में जिला सचिव सोहनलाल साहू, संयुक्त सचिव श्रीमती रजनीगंधा जगताप, सहसचिव टिकेश्वर पांडे, जिला संगठन आयुक्त स्काउट नेमलाल गंगेले, जिला प्रशिक्षण आयुक्त जीवनलाल साहू, जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाइड श्रीमती शशि बंसोड़, विकासखंड सचिव ऐश कुमार साहू, मानसिंह कपूर समेत जिले के स्काउटर, गाइडर, रोवर, रेंजर स्काउट, गाइड्स की उपस्थित रही।

# श्री हवेली मंदिर में हुआ पुष्टि दर्शन मनोरथ



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

- श्रद्धालुओं ने किए ठाकोरजी के दिव्य दर्शन

शहर के श्री गोवर्धननाथ हवेली मंदिर में 5 जून को विशेष पुष्टि दर्शन मनोरथ का आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन के मनोरथी चंद्रकांत दुल्लभदास गांधी परिवार रहे। मंदिर में आयोजित पुष्टि दर्शन मनोरथ के तहत ठाकोरजी का विशेष श्रृंगार एवं पूजन किया गया। शाम 6:45 बजे से 7:45 बजे तक श्रद्धालुओं के लिए दर्शन की व्यवस्था की गई थी। इस दौरान भक्तों ने ठाकोरजी के दर्शन कर परिवार की सुख-समृद्धि एवं मंगलकामना की प्रार्थना की। आयोजन से जुड़े वैष्णवजनों ने बताया कि पुष्टि मार्ग की परंपरा में इस प्रकार के मनोरथों का विशेष महत्व माना जाता है। श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से भगवान श्री गोवर्धननाथ की आराधना की।

## बड़ौदा आरसेटी में पशु सखियों को मिला वैज्ञानिक पशुपालन का प्रशिक्षण

# पशु सखियां पशुपालकों और विभाग के बीच सेतु का काम करेंगी : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले में पशुधन विकास एवं ग्रामीण आजीविका को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत बड़ौदा आरसेटी में प्रशिक्षणरत पशु सखियों का शैक्षणिक भ्रमण जिला स्तरीय हिमीकृत वीर्य एवं तरल नत्रजन वितरण केंद्र तथा जिला रोग प्रयोगशाला, मुजगहन में कराया गया। भ्रमण का उद्देश्य पशु सखियों को पशुधन विकास विभाग की तकनीकी गतिविधियों, पशु स्वास्थ्य सेवाओं तथा आधुनिक पशुपालन प्रबंधन की व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना था।

भ्रमण के दौरान पशु चिकित्सा विशेषज्ञों ने प्रशिक्षणार्थियों को हिमीकृत वीर्य (फ्रोजन सीमेन) के सुरक्षित संरक्षण, तरल नत्रजन के भंडारण एवं वितरण प्रणाली, कृत्रिम गर्भाधान की प्रक्रिया तथा नस्ल सुधार कार्यक्रमों की जानकारी दी।





बताया गया कि उन्नत नस्ल के पशुओं के विकास और दुग्ध उत्पादन में वृद्धि के लिए कृत्रिम गर्भाधान एक प्रभावी माध्यम है, जिसके संचालन में गुणवत्तायुक्त हिमीकृत वीर्य एवं तरल नत्रजन की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

इस अवसर पर डॉ. टीआर वर्मा ने पशु सखियों को पशुपालन एवं पशु पोषण प्रबंधन, पशुओं में होने वाले सामान्य रोगों की पहचान, टीकाकरण, कृमिनाशन, स्वच्छ दुग्ध उत्पादन, बधियाकरण तथा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पशु सखियां गांव-गांव में पशुपालकों तक वैज्ञानिक जानकारी पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। प्रशिक्षणार्थियों ने जिला रोग प्रयोगशाला का भी अवलोकन किया, जहां उन्हें पशुओं में रोग निदान की प्रक्रिया, नमूनों की जांच तथा रोग नियंत्रण संबंधी गतिविधियों की जानकारी दी गई। साथ ही पशुओं के स्वास्थ्य संरक्षण एवं समय पर उपचार के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया।

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था में पशुपालन की महत्वपूर्ण भूमिका है। पशु सखियां पशुपालकों और विभाग के बीच एक मजबूत सेतु के रूप में कार्य करेंगी। उन्हें आधुनिक पशुपालन, पशु स्वास्थ्य एवं नस्ल सुधार संबंधी तकनीकी जानकारी प्रदान करने से ग्रामीण क्षेत्रों में पशुधन विकास को नई गति मिलेगी तथा पशुपालकों की आय बढ़ाने में भी मदद मिलेगी। शैक्षणिक भ्रमण के दौरान प्रशिक्षणार्थियों ने विभागीय अधिकारियों एवं विशेषज्ञों से संवाद कर विभिन्न तकनीकी पहलुओं की जानकारी प्राप्त की। इस प्रशिक्षण एवं भ्रमण से पशु सखियों का ज्ञान और कौशल विकसित होगा, जिससे वे ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालकों को बेहतर मार्गदर्शन एवं सेवाएं उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण योगदान दे सकेंगी।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं-
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)

डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020